स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 140, दिनांक 14–05–2024

फर्ज़ी काल सेन्टर खोलकर विदेशी हैकरों व साइबर फ्राडो द्वारा संचालित किये जा रहे फर्ज़ी टेलीग्राम आईडी द्वारा ऑनलाइन गैम्बलिंग गेम तैयार कर भोले–भाले लोगा के साथ धोखाधड़ी करने वाले संगठित गिरोह का सरगना गिरफ्तार।

दिनांक 13–05–2024 को एसटीएफ उ0प्र0 लखनऊ को फर्ज़ी काल सेन्टर खोलकर व विदेशी हैकरों व साइबर फ्राडो द्वारा संचालित किये जा रहे https://accsmarket.com/ के माध्यम से फर्ज़ी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैम्बलिंग गेम तैयार कर भोले–भाले लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले संगठित गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः

1– मो0 दानिश पुत्र मो0 असलम नि० 14/3 इंदिरा नगर, लखनऊ मूल निवासी–9 ए बेली रोड, नई कटरा, प्रयागराज।

बरामदगीः–

1– 2 अदद लैपटॉप।
2– 2 अदद मोबाइल फोन।

गिरफ्तारी का दिनांक एवं स्थान/समयः–

दिनांक 13–05–2024 समय 20:55 बजे कार्यालय संख्या 06 ओम प्लाज़ा अपार्टमेंट, सेक्टर–17, इंदिरा नगर, लखनऊ।

विगत काफी दिनों से एस0टी0एफ0 मुख्यालय लखनऊ को फर्ज़ी काल सेन्टर खोलकर व विदेशी हैकरों व साइबर फ्राडो द्वारा संचालित किये जा रहे https://accsmarket.com/ के माध्यम से फर्ज़ी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैम्बलिंग गेम तैयार कर भोले–भाले लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले संगठित गिरोह के सम्बन्ध में सूचनाएं प्राप्त हो रहीं थीं। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री धर्मेश कुमार शाही, पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन से दिनांक 13–05–2024 को मुखबिर ख़ास से सूचना प्राप्त हुयी की फर्ज़ी काल सेन्टर खोलकर व विदेशी हैकरों व साइबर फ्राडो द्वारा संचालित किये जा रहे https://accsmarket.com/ के माध्यम से फर्ज़ी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैम्बलिंग गेम तैयार कर भोले–भाले लोगो के साथ धोखाधड़ी करने वाले संगठित गिरोह का सरगना मो0 दानिश उपरोक्त ओम प्लाज़ा अपार्टमेंट के कार्यालय संख्या 06 में मौजूद है। इस सूचना पर उ0नि0 अतुल चतुर्वेदी मय उ0नि0 प्रदीप सिंह, मु0आ0 नीरज पाण्डेय, मु0आ0 रामनिवास शुक्ला,

मु0आ0 राजीव कुमार, आ0 अमित त्रिपाठी एवं आ0 अमर श्रीवास्तव मय वाहन चालक त्रिदेव मिश्रा को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त अभियुक्त को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त मो0 दानिश उपरोक्त ने बताया कि हम लोग विदेशी हैकरों व साइबर फ्राडो द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाली वेबसाइट https://accsmarket.com/ से ऑनलाइन टेलीग्राम चैनल खरीदते हैं और टेलीग्राम व डार्कवेब के जरिये कई विदेशी हैकरों व साइबर फ्राडो के सम्पर्क में है। खरीदी गयी टेलीग्राम आईडी से वह टेलीग्राम चैनल ग्रुप बनाकर उनमे फर्ज़ी वेबसाइट व लिंक बनाकर लोगो को ऑनलाइन खरीददारी करने के लिए व ऑनलाइन लूडो किंग एप पर बेटिंग करने के लिए इनवाईट करता था। इसके लिए उसने कई सारे ऑनलाइन **PAYTM, GOOGLEPE, PHONEPE** के पेमेंट के फर्ज़ी स्नैपशॉट बनाकर इन फर्ज़ी आइडिओ पर बने टेलीग्राम चैनलों पर भेजा जाता है। जिससे ग्रुप में जुड़े लोग आकर्षित होकर बेटिंग करते है तत्पश्चात उनका पूरा पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है। मो0 दानिश द्वारा बताया गया कि उस पर पूर्व में भी ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में बंगलौर साइबर द्वारा मुकदमा दर्ज है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना गाजीपुर, कमिश्नेट लखनऊ में मु0अ0सं0 198/24 धारा–419/420/468 आईपीसी व 66 सी व डी आईटी एक्ट पंजीकृत करा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

आपराधिक इतिहासः–

1– मु0अ0सं0 442/2023 धारा–419/420 भा0द0वि0 66 सी व 66 डी आईटी एक्ट थाना **CEN** बंगलौर।